कार्यालय प्रधानाचार्य, जी0 एस0 वी0 एम0 मेडिकल कालेज, कानपुर।

पत्र संख्या– 332/छात्र लि0–2/एन0डी0/2024 दिनांक– 25/11/2024

–: सेवायोजन हेतु विज्ञप्ति :–

जी0 एस0 वी0 एम0 मेडिकल कालेज, कानपुर में महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,उ0प्र0 लखनऊ के पत्र संख्या–एम0ई0–3/2024/2443 दिनांक 22 अक्टूबर 2024 के सन्दर्भ में मेडिकल कालेजों की चिकित्सा प्रबन्धन एवं मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सीय सुविधायें बेहत्तर किये जाने हेतु संविदा के आधार पर नॉन पी0जी0 जे0आर0(अस्पताल प्रशासन) के पदों को वॉक–इन–इन्टरव्यू (Welk-in-Interview) माध्यम से चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी से अपेक्षा की जाती है कि वह साक्षात्कार के समय अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों के साथ अपने समस्त शैक्षिक/जाति/अनुभव प्रमाण पत्र एवं अन्य आवश्यक मूल प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के दो–दो प्रति, बायोडाटा एवं 02 रंगीन छायाचित्र के साथ उपस्थित हो, तत्पश्चात निर्धारित वाक–इन–इन्टरव्यू (walk-in-interview), दिनांक 18–12–2024 को एल0टी0/परीक्षा हाल, मेडिकल कालेज, कानपुर में प्रातः 10:00 बजे से सायं–04:00 बजे तक साक्षात्कार सम्पन्न कराया जायेगा। रिक्त पदो की सूचना मेडिकल कालेज की बेवसाइट www.gsvmmedicalcollege.com पर भी उपलब्ध रहेगी। विज्ञापन प्रकाशित होने की तिथि से जब तक रिक्त पदों की पूर्ति नही हो जाती तब तक माह प्रत्येक बुधवार को साक्षात्कार कराया जायेगा। उक्त कार्य दिवस को अवकाश की दशा में अगले कार्य दिवस को साक्षात्कार सम्पन्न कराया जायेगा। आरक्षण रोस्टर के अनुसार पदों का निर्धारण किया गया हैं। जिसका विवरण निम्नवत् है:–

क0 सं0	पदनाम	श्रेणी					कुल योग
		सामान्य	ओ0बी0सी0	एस0सी0	एस0टी0	ई0डब्लू0एस0	
1	नान पी0जी0जे0आर0(हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन)	02	01	02	00	00	05

संविदा पर नियुक्ति की शर्ते निम्नवत् है:–

1–शैक्षिक योग्यता:–एम0बी0बी0एस0/बी0डी0एस0 एवं किसी भी चिकित्सीय संस्थान से 02 वर्षीय पूर्णकालिक पी0जी0डिग्री–मास्टर्स–इन हास्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन अनिवार्य है।

2–संविदा पर नियुक्ति होने वाले अभ्यर्थी को नियत वेतन रू0 15600–39100 ग्रेड पे 5400 ही अनुमन्य होगा।

3–अभ्यर्थियों की चयन वाक–इन–इन्टरव्यू के माध्यम से 01 वर्ष के लिये संविदा पर किया जायेगा, एवं संतोषजनक कार्य एवं आवश्यकता के अनुसार सेवा विस्तार किया जायेगा।

4–यदि अभ्यर्थी पूर्व में किसी संस्था में कार्यरत है तो उस संस्था से अनापत्ति प्रमाण पत्र लाना होगा।

प्रधानाचार्य
मेडिकल कालेज, कानपुर

संख्या : 332/तद्दिनांक ....

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– निदेशक, सूचनाथ एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0 लखनऊ ।

2– प्रभारी अधिकारी, छात्र सेल, मेडिकल कालेज, कानपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित उक्त पदों के विज्ञापन के पश्चात की समस्त कार्यवाही अपने स्तर से कराना सुनिश्चित करे।

3– नोडल अधिकारी, बेब साइट मेडिकल कालेज, कानपुर को इस निर्देश के साथ प्रेषित कि उक्त विज्ञप्ति को जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कोलज, कानपुर की बेवसाइट पर अपलोड कराना सुनिश्चित करे।

प्रधानाचार्य,
मेडिकल कालेज,कानपुर।